संख्या- 4/44-1-2014-28/2011

प्रेषक,

डा0 गुरदीप सिंह,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो,
जवाहर भवन, लखनऊ।

सार्वजनिक उद्यम अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 30 जुलाई, 2014

विषय: वेतन समिति (2008) की संस्तुतियों पर सचिवालय से इतर राजकीय विभागों के लिपिकीय संवर्ग के संबंध में लिये गये निर्णयों का सार्वजनिक उद्यम व्यूरो निदेशालय के लिपिकीय संवर्ग के लिए कार्यान्वयन के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सार्वजनिक उद्यम व्यूरो निदेशालय की सेवा नियमावली में इंगित कनिष्ठ आलेखक एवं प्रालेखक का पद शासनादेश, दिनांक 01 अप्रैल,1982 द्वारा वेतनमान रू0 430-685 (नियमावली के अनुसार वेतनमान रू0 1200-2040) में सृजित हुआ । सेवा नियमावली में इंगित स्टोरकीपर का पद शासनादेश, दिनांक 16 फरवरी,2006 द्वारा मृत संवर्ग धोषित किया गया । सेवा नियमावली में इंगित पदों की संख्या वर्तमान में भी वही है । अत: वेतन समिति (2008) की संस्तुतियों पर सचिवालय से इतर राजकीय विभागों के लिपिकीय संवर्ग के पदों के संबंध में शासनादेश संख्या- वे0आ0-2-2053/दस-54(एम)/2008 टी0सी0, दिनांक 08;09;2010, शा0 सं0-वे0आ0-2-401/दस-54(एम)/2008 टी0सी0, दिनांक 18-03-2011 तथा वे0आ0-2-2105/दस-54(एम)/2008 टी0सी0, दिनांक 22-12-2011 द्वारा निर्णय लिया गया ।

http://shasanadesh.up.nic.in

उक्त के अनुसार सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो निदेशालय में लिपिकीय संवर्ग का ढाँचा दिनांक 18 मार्च, 2011 से निम्नवत होगा :-

वर्तमान ढाँचा				पुनर्गठित ढाँचा				
क्र0 सं0	पदनाम	पदों की संख्या	वर्तमान वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन(रू0)	पदनाम	पदों की संख्या	पुनरीक्षित वेतन संरचना में		भर्ती हेतु निर्धारित अर्हता/प्रक्रिया
						वेतन बैण्ड (रू0)	ग्रेड वेतन (रू0)	
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	नैत्यक लिपिक/ टंकक	13	5200-20200 ग्रेड वेतन रू01900	कनिष्ठ सहायक	13	5200-20200	2000	80 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा अर्हता-इण्टरमीडिएट के साथ-साथ कम्प्यूटर संचालन का डोयक (DOEACC) सोसाईटी द्वारा प्रदत्त "सीसीसी" प्रमाण पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण पत्र तथा हिन्दी /अंग्रेजी में कम से कम क्रमश: 25/30 शब्द प्रति मिनट की टंकण गति । 15 प्रतिशत चतुर्थ श्रेणी के ऐसे कार्मिकों से पदोन्नति द्वारा, जो हाई स्कूल हो तथा टंकण का ज्ञान रखते हों । 05 प्रतिशत चतुर्थ श्रेणी के ऐसे कार्मिकों से पदोन्नति द्वारा जो इण्टरमीडिएट हो तथा टंकण का ज्ञान रखते हों।

http://shasanadesh.up.nic.in

2	कनिष्ठ आलेखक एवं प्रालेखक	01	5200-20200 ग्रेड वेतन रू02400	वरिष्ठ सहायक	02	5200-20200	2800	शत प्रतिशत पदोन्नति द्वारा 05 वर्ष की सेवा वाले कनिष्ठ सहायक के पदों से ।
3	ज्येष्ठ सहायक	01	5200-20200 ग्रेड वेतन रू02800					
4	प्रशासनिक अधिकारी	01	9300-34800 ग्रेड वेतन रू04200	प्रशासनिक अधिकारी	01	9300-34800	4200	शत प्रतिशत पदोन्नति द्वारा 05 वर्ष की सेवा वाल वरिष्ठ सहायक के पदों से

लिपिकीय संवर्ग का उपर्युक्तानुसार पुर्नगठित ढॉचा दिनांक 22 दिसम्बर, 2011 से निम्नानुसार पुर्नगठित / संशोधन होगा -

क्र0 सं0	पदनाम	पदों की संख्या	पुनरीक्षित वेतन संरचना में		भर्ती हेतु निर्धारित अर्हता/ प्रक्रिया
			वेतन बैण्ड (रू0)	ग्रेड वेतन (रू0)	
	5	6	7	8	9
1	वरिष्ठ सहायक	01	5200-20200	2800	शत प्रतिशत पदोन्नति द्वारा 05 वर्ष की सेवा वाले कनिष्ठ सहायक के पदों से ।
2	प्रधान सहायक	01	9300-34800	4200	वरिष्ठ सहायक से शत प्रतिशत पदोन्नति द्वारा ।
3	प्रशासनिक अधिकारी	01	9300-34800	4600	शत प्रतिशत पदोन्नति द्वारा - 05 वर्ष की सेवा वाले प्रधान सहायक के पदों से ।

http://shasanadesh.up.nic.in

2- उपर्युक्त संशोधन / परिवर्तन के फलस्वरूप संबंधित पदधारकों का वेतन निर्धारण वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-वे0आ0-2-841/दस-59(एम)/2008 टी0सी0, दिनांक 24 दिसम्बर,2009 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार किया जायेगा ।

3- उक्त व्यवस्था का समावेश करते हुए संशोधित नियमावली यथाशीध्र प्रख्यापित करायी जाये ।

4- उक्त आदेश वित्त विभाग की अशासकीय संख्या-वे0आ0-2-582/दस-2014, दिनांक 13-6-2014 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं ।

भवदीय,

डा0 गुरदीप सिंह
प्रमुख सचिव ।

संख्या- 4(1)/44-1-2014 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1; महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद ।
2; वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-1/2 ।
3; वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3/5 ।
4; सार्वजनिक उद्यम अनुभाग-1
5; गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

मुरारी लाल
अनु सचिव ।

http://srisanadesh.up.nic.in